ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १६ | मुंबई, शुक्रवार, २२ मार्च से २८ मार्च २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

CST ब्रिज का इंजिनियर २५ मार्च तक पुलिस हिरासत में

शाईस्ता शेख

मुंबई : एक्सप्लानेड कोर्ट ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ब्रिज हादसा मामले में गिरफ्तार आरोपी इंजिनियर नीरज कुमार देसाई को मंगलवार को २५ मार्च तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। नीरज के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस ने सीएसएमटी ब्रिज हादसा मामले में जिम्मेदार मानते हुए सोमवार को गिरफ्तार किया था। ४६ वर्षीय नीरज परिवार समेत साकीनाका में रहता है, जहां से उसकी गिरफ्तारी हुई थी। आरोप है कि नीरज की कंपनी ने कथित तौर पर इस पुल का ढांचागत निरीक्षण किया था और ढांचे में कमी होने के बावजूद इसे इस्तेमाल

के लिए सुरक्षित घोषित किया था। सोमवार को जोन-१ के डीसीपी अभिषेक त्रिमुखे ने प्रेस वार्ता आयोजित कर नीरज की गिरफ्तारी की जानकारी मीडिया को दी। त्रिमुखे ने कहा कि सीएसएमटी ब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट आरोपी इंजिनियर नीरज कुमार देसाई ने किया था। इस संबंध में आजाद मैदान पुलिस ने आइपीसी की धारा ३०४ (पार्ट-ए) के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन पुलिस ने जांच के दौरान देसाई की भूमिका को और अधिक गंभीर पाया। इस वजह से उसके खिलाफ दर्ज आईपीसी की धारा ३०४ (पार्ट-१) को बदल कर ३०४ (पार्ट-२) लगाया गया। देसाई पर लापरवाही बरतने और गैरइरादतन हत्या करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में ३१ जख्मियों, ३ चश्मदीदों और बीएमसी के २ अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। इनमें से एक अधिकारी चीफ इंजिनियर संजय दराडे हैं। गौरतलब है कि १४ मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे डीएन रोड पर टाइम्स ऑफ इंडिया कार्यालय के पास मौजूद सीएसएमटी ब्रिज गिर गया था। हादसे में ६ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि ३१ लोग जख्मी हुए थे। ब्रिज को बीएमसी ने स्ट्रक्चरल ऑडिट कर उसे सुरक्षित घोषित किया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतक के परिवार को ५-५ लाख रुपये और जख्मियों को ५०-५० हजार रुपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की थी।

चुनाव नहीं लड़ेगी मनसे राज ठाकरे करेंगे प्रचार

आसिफ खान

मुंबई: मनसे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, लेकिन मनसे प्रमुख राज ठाकरे भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव प्रचार करेंगे यह घोषणा खुद राज ठाकरे ने मंगलवार को अपनी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई किसी पार्टी विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि मोदी शाह की जोड़ी के खिलाफ है। राज ठाकरे ने कहा कि उनकी प्रचार सभाओं का एक ही एजेंडा होगा कि मोदी-शाह को हटाना है, तो उनके उम्मीदवारों को वोट मत दो। राज ठाकरे ने कहा कि मोदी और शाह की जोड़ी को राष्ट्रीय राजनीति के पटल से हटाना जरूरी है। इसके देश के सभी नेताओं को एकसाथ आना जरूरी है, यह बात कहने वाला पहला व्यक्ति मैं था।

किसी से सीट नहीं मांगी : राज ठाकरे ने कार्यकर्ताओं से कहा, उन्होंने कभी खुद होकर कांग्रेस-राकांपा से न तो गठबंधन की बात की बात की और ना ही सीटों की। अजित पवार और अशोक चव्हाण दोनों ही खुद आकर उनसे मिले।

टारगेट विधानसभा: उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कहा कि मोदी के विरोध में होने वो प्रचार का फायदा जिसको लेना है, लेने दो, लेकिन तुम लोग विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाओ। फडणवीस को जवाब: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे को 'बारामती का पोपट' कहा था, इसके जवाब में राज ठाकरे ने फडणवीस को हवा भरा गुब्बारा कहा।

भाजपा को लूटो: राज ठाकरे ने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा के लोग तुम्हारे पास आएं, नोटों से भरी थैलियां लाएं, तो उनसे उनकी थैलियां लूट लो। उन्हें लूटने में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि भाजपा ने देश को लूटा है। चौकीदार भ्रम है: भाजपा के चौकीदार अभियान को राज ठाकरे ने मूल मुद्दों और समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने और भ्रम फैलाने वाला काम बताते हुए लोगों से अपील की कि वह इसके चक्कर में न पड़े। यह अभियान इसलिए चलाया गया ताकि जनता सवाल न पूछे। पैसे नहीं और युद्ध: राज ठाकरे ने कहा सरकार ने रिजर्व बैंक से तीन लाख करोड़ रुपये मांगे थे।

जल्द अमीर बनने के लिए बना नकली नोटों का तस्कर, गिरफ्तार

जाफर शेख

मुंबई: रुपहले पर्दे की चकाचौंध भरी दुनिया में प्रतिदिन कई लोग अपना भाग्य आजमाने आते हैं। इनमें सफलता कुछ ही खुशनसीब लोगों को मिलती है जबकि ज्यादातर लोग संघर्ष करते-करते गुमनामी के अंधेरे में खो जाते हैं। कई तो दिखावे और जल्द अमीर बनने की चाह में अपराध के दलदल में फंस जाते हैं, बॉलीवुड में किस्मत आजमाने आया ऐसा ही एक स्क्रिप्ट राइटर नकली नोटों का तस्कर बन गया। मुंबई पुलिस की क्राईम ब्रांच यूनिट ९ ने उसे गिरफ्तार किया है।

बता दें कि यूनिट ९के एपीआई इरफान शेख को जोगेश्वरी-पश्चिम स्थित मीना होटल के पास एक युवक के नकली नोट की तस्करी के सिलसिले में आने की सूचना

मिली थी। डीसीपी अकबर पठान के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश देसाई के नेतृत्व मे पीआई आशा कोरके एपीआई शेख, जाधव, धाराड़े एवं पीएसआई वाल्मिकी कोरे व अम्बावडे की टीम ने जोगेश्वरी पश्चिम, एसवी रोड स्थित मीना होटल के पास जाल बिछाया तथा ३७ वर्षीय देवकुमार रामरतन पटेल को संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया।उसके पास से तलाशी में २०००, ५००, २००और १००रुपए की लगभग (५,७८,२००रुपए) नकली नोट मिली। जांच में पता चला कि देव बोलीवुड में राइटर बनने आया था। नालासोपारा निवासी देव ने 'ईश्वर एक अपराध' नामक फिल्म की कहानी भी लिखी थी लेकिन बाद में वह बेकार हो गया था।

पुलिस बचाएगी दिल के मरीजों की जान

मुंबई: आमतौर पर कानून और व्यवस्था का काम देखनेवाली पुलिस अब डॉक्टर की तरह मुंबईकरों की जान बचाने का काम भी करेगी। खासकर दिल की बीमारी के चलते जिन लोगों को जरूरी चिकित्सा सेवा समय पर नहीं मिल पाती है, उनको अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। ऐसे मरीजों को डीएन नगर पुलिस स्टेशन अब तत्काल प्रारंभिक चिकित्सा सेवा देकर उनको संजीवनी देने



का काम करनेवाली है। दिल का दौरा पड़ने पर ४ से ६ मिनट में उपचार न मिलने पर ९५ प्रतिशत मामले में अचानक कार्डियाक मृत्यु हो जाती है। देश में कई बार इमर्जेंसी सेवा भी तत्काल नहीं मिलती। इसीलिए जीवनरक्षक उपकरण की जरूरत बढ़ जाती है। इसी जरूरत को देखते हुए दी बॉम्बे सीकोस्ट रोटरी फाउंडेशन ने जीवनरक्षक उपकरण ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर्स (एईडी) मशीन डीएन नगर पुलिस स्टेशन को उपलब्ध कराई है। एईडी मशीन का इस्तेमाल करने के लिए किसी प्रशिक्षित मेडिकल प्रोफेशनल की जरूरत नहीं होती। एक सामान्य शिक्षित व्यक्ति भी एईडी मशीन चला सकता है। वह सामान्य ऑडिया और विज्यूअल कमांड से सुसज्ज है। यह पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल डिवाइस है जो हृदय या नाड़ी की अनियमित धड़कन जैसी हृदय संबंधित प्रवृत्ति को खोज लेता है और उसे नियमित करने में सहायक होता है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुरेंद्र सोनेजी के मार्गदर्शन के तहत और हेमांग जांगला के सहयोग से एक एईडी मशीन डीएन नगर पुलिस स्टेशन को उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर पीआई सचिन कांबले, रोटेरियन शशि शर्मा भी उपस्थित थीं। सार्वजनिक स्थलों पर जीवनरक्षा के लिए इस तरह के उपकरणों की आवश्यकता है। क्योंकि कई बार सार्वजनिक स्थल पर अचानक किसी व्यक्ति को जब दिल का दौरा पड़ता है तो उस व्यक्ति को जरूरी चिकित्सा नहीं मिल पाती है।

आरपीएफ जवानों को तोंद कम करने का आदेश

मुंबई: इन दिनों आरपीएफ के जवानों को तोंद का टेंशन हो गया है। जिन जवानों की उम्र ४५ से ज्यादा, वजन ८५ किलो से अधिक और पेट ४० इंच से ज्यादा बाहर है, तो उन्हें अपना पेट कम करना पड़ेगा। यह आदेश आरपीएफ जवानों को दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (मध्य रेलवे) ने इसकी शुरुआत कर दी है। आरपीएफ के जवानों को २ सप्ताह में फिटनेस का कोर्स कराया जाएगा। इस कोर्स का नाम 'पेट घटाओ कोर्स' है।

जानकारी के मुताबिक मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन से १५ जवानों को पेट कम करने के लिए भेजा जा रहा है। १८ मार्च से ३१ मार्च तक नासिक में इनकी ट्रेनिंग चलेगी। उम्मीद है १ अप्रैल को सभी १५ जवान पेट घटाकर रेलवे की सुरक्षा में जुट जाएंगे। इस कोर्स में मुंबई के अलावा सोलापुर, पुणे, भुसावल, नागपुर और हेडक्वॉर्टर के जवानों को मिलाकर कुल ३० लोगों को शामिल किया गया है। आरपीएफ अधिकारी ने बताया कि जवानों के पेट घटाने का काम जारी रहेगा। उन्हें अलग-अलग बैचेज में नासिक भेजा जाएगा।

इन जवानों को ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार से शुक्रवार तक अलग-अलग सेशन में वर्कआउट कराया जाएगा। क्लास रूम की तरह रोजाना ४० मिनट के ६ पीरियड होंगे जिसमें ऐरोबिक्स, रनिंग और योग शामिल किए गए हैं।

माहिका से एक रात का भाव पूछते थे लोग, अब तो कहने लगा पोर्न स्टार क्यों, भारतीय को भी दो मौका

मुंबई, एक्ट्रेस माहिका शर्मा अक्सर अपने बोल्ड स्टेटमेंट्स के चलते सुर्खियों में रहती हैं. लेकिन इस बार उनका ऐसा करना लाजमी था. हाल ही में एक शख्स ने सोशल नेटवर्किंग साईट इंस्टाग्राम पर माहिका को अश्लील मैसेज भेजना शुरू कर दिया. उस व्यक्ति के मैसेज से माहिका बेहद खफा भी हुईं।

रामायण और ईं में काम कर चुकी अभिनेत्री माहिका शर्मा को एडल्ट फिल्म स्टार डैनी डी के साथ जोड़ कर होली पर अश्लील संदेश उनके सोशल साइट पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा जा रहा है, जिससे माहिका बहुत परेशान हैं। माहिका ने कहा कि उनके आने वाला हिंदी फिल्म 'द मॉडर्न कल्चर' में पोर्न स्टार डैनी डी के साथ काम करना

उनको महंगा पड़ रही हैं। माहिका ने इस साल होली पर अपने साथ हुई एक घटना के बारे में बताया। उन्होंने साझा करते हुए कहा, 'सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म है जो मुझे लगता है कि अधिक सुरक्षा की आवश्यकता है।सोशल मीडिया में एक अकाउंड बनाने के लिए सरकारी पहचान आवश्यक होना चाहिए। ताकि हम अधिक सुरक्षित हो सकते हैं। माहिका ने कहा कि, मुझे आमतौर पर अजनबियों से संदेश मिलते हैं कि एक रात का कितना लेगी और एक घंटा का क्या प्राइज हैं। केवल मुझे ही नही कई अन्न अभिनेत्रियों या मॉडलों पर भी ऐसी अश्लीलता से भरा टिप्पणियां मिलती हैं। लेकिन इस बार मुझे एक बुरा अनुभव का सामना करना पड़ा। किसी ने मुझे मैसेज किया 'डैनी डी की पिचकारी से खेलोगी .. भारतीय को भी मौका दो..'

माहिका ने लोगों से होली के दौरान महिला सुरक्षा के बारे में सुनिश्चित होने का भी आग्रह किया है। उसने कहा, 'लड़के इसे छूएंगे, लेकिन इसे इस तरह से अनुमति न दें! आपके पास लोग आपको छूते होंगे। हालांकि मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि यह लड़कों के साथ महिलाओं के लिए असुरक्षित है और यह सोचकर कि यह सभी के लिए मुफ्त हैं होली के नाम से। आपको बता दें कि माहिका अपने विवादित बयान के चलते हमेशा मीडिया में बनी रहती हैं. एक्टिंग के साथ ही वो अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं और उनके साथ अपनी बातें भी शेयर करती रहती हैं.

ई-सुट्टा मारा तो सोंट दिए जाओगे, सरकार ने किया ई सिगरेट बैन!

मुंबई: हुक्का के बाद युवाओं सहित बच्चों में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (ई-सिगरेट) की लत तेजी से फैल रही है। इसके रोकथाम के लिए महाराष्ट्र अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) कब से प्रयास कर रहा था, आखिरकार उनके हाथ सफलता मिल ही गई। स्वास्थ्य के लिए घातक माने जानेवाले निकोटीनयुक्त ई सुट्टा पर आखिरकार प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सभी राज्यों को ई-सिगरेट की बिक्री, खरीदारी और सेवन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

बता दें कि एफडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे पिछले

४ साल से ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे थे। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निकोटीन डिलिवर करनेवाले ई-सिगरेट, वेप, ई-शीशा और निकोटिनयुक्त हुक्का आदि से कई तरह की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने की बात कई अध्ययन में पाई गई है। ई-सिगरेट में डाले जानेवाले सल्यूशन में लीड, क्रोमियम, निकल जैसे धातु और फॉर्मल डीहाइड जैसे केमिकल होते हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक हैं। इतना ही नहीं इससे निकलनेवाला धुआं भी घातक होता है। महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त डॉ. पल्लवी दराडे ने 'दोपहर का सामना' से कहा कि ई-सिगरेट के दुष्परिणाम जग जाहिर हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए एडवाइजरी जारी की है और हम जल्द से जल्द इसे लागू करेंगे। 'चेस्ट रिसर्च फाउंडेशन' के अध्यक्ष डॉ. संदीप सालवी ने बताया कि आम सिगरेट की तुलना में ई-सिगरेट को अच्छा माना जाता है। कम केमिकल होने के कारण लोग ई-सिगरेट का सेवन करते हैं और खासकर युवा लेकिन ऐसे कई अध्ययन हुए जिसमें यह पाया गया है कि ई-सिगरेट का सेवन फेंफड़ों को क्षति पहुंचाता है। सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाने का जो फैसला लिया है, उसका हम स्वागत और समर्थन करते हैं।

संपादकीय

बढ़ती नफरत का दौर

हर आतंकी वारदात सिर्फ हमारे भरोसे को ही नहीं हिलाती, बल्कि उन सारी सच्चाइयों को हमारे सामने ला खड़ी करती है, जिनसे चाहे-अनचाहे हम मुंह चुराते रहे हैं। न्यूजीलैंड के शहर क्राइस्टचर्च में शुक्रवार को जो आतंकी वारदातें हुईं, उनमें ये सारे सच बहुत साफ-साफ देखे जा सकते हैं। ये वारदातें एक ऐसे देश के ऐसे शहर में हुईं, जो आतंकवाद की ताजा काली आंधी के कहर से बहुत कुछ बचा रहा है। इन वारदात ने यह बता दिया कि जब तक नफरत, उन्माद और उनके आस-पास चलने वाली सक्रियताएं इस दुनिया में हैं, कोई भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। किसने सोचा था कि न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप का वह खूबसूरत शहर भी आतंकवाद की वजह से सुर्खियों में आ जाएगा, जिसका जिक्र हमारे मीडिया में अक्सर क्रिकेट मैच के समय ही होता है। साथ ही यह अब इस दुनिया में कुछ जगहों पर ही नहीं है, किसी भूगोल विशेष या समाजशास्त्र विशेष से जुड़ी नफरत ही नहीं है, और इसका दायरा लगातार फैल रहा है। अब सिर्फ क्रिया की नफरत ही नहीं, प्रतिक्रिया की नफरत भी है और यह भी उतनी ही खतरनाक है। दोनों ही तरफ की नफरत न सिर्फ लगातार बढ़ रही है, बल्कि एक-दूसरे को ज्यादा खतरनाक होने का बहाना भी दे रही है।

शुक्रवार की सुबह जब क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों में गोलीबारी और इसकी वजह से लोगों के मरने की खबर आई, तो इन्हें लेकर जो प्रतिक्रियाएं आईं, उन्हें हमें गंभीरता से लेना होगा। शुरुआती खबरों में हमलावर को श्वेत सिरफिरा बताया गया। यह भी बताया गया कि हमलावर एक गोरा विक्षिप्त था, जिसने न सिर्फ सरेआम नरसंहार किया, बल्कि श्वेत नस्ल की श्रेष्ठता का एक घोषणापत्र भी जारी किया। पहली प्रतिक्रिया उसे सिरफिरा और विक्षिप्त कहने को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर ऐसे कई संदेश आए, जो कह रहे थे कि वैसे तो यह कहने का फैशन रहा है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब इसे साबित करने का समय आया, तो लोग इससे मुकर क्यों गए? क्या इसका अर्थ है कि किसी नस्ल विशेष, या भूगोल विशेष या धर्म विशेष के लोगों को ही आतंकवादी कहा जाएगा और बाकी के लिए सिरफिरा व विक्षिप्त जैसी संज्ञाएं इस्तेमाल की जाएंगी? यह प्रतिक्रिया बहुत तेज और तीखी थी, जो जल्द ही पूरे मीडिया पर छा गई। अच्छी बात यह हुई कि इसका असर भी दिखा। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने जब इसे आतंकवादी वारदात बताया, तो न सिर्फ यह विवाद थोड़ा ठंडा हुआ, बल्कि यह भी स्पष्ट हो गया कि न्यूजीलैंड की सरकार किसी भी तरह की नफरत के खिलाफ खड़ी है। इसका जिक्र इसलिए जरूरी है कि खबरें बताती हैं कि शुक्रवार की आतंकवादी वारदात का अभियुक्त जिस दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़ा है, उसका प्रभाव न्यूजीलैंड और पड़ोसी ऑस्ट्रेलिया में लगातार बढ़ रहा है। वैसे यह हाल किसी न किसी रूप में पूरी दुनिया का है। क्रिया और प्रतिक्रिया की नफरत हर जगह लगातार बढ़ रही है। यह सच है कि मानव सभ्यता ने इसके पहले भी नफरत के कई खतरनाक दौर देखे हैं, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे हर दौर में प्यार, शांति, सद्भाव और विवेक की भी इतनी ही बड़ी ताकतें उम्मीद बंधाती हुई हमेशा सक्रिय रही हैं। लेकिन इस मोर्चे पर अब शांति है, इन ताकतों को बड़े पैमाने पर सक्रिय करना सबसे बड़ी चुनौती है।

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने की गुपचुप तरीके से सगाई, जल्द होगी शादी

सुमन मौर्या

इन दिनों शादी का सीजल चल रहा है. बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे के स्टार्स शादी के बंधन में बंध रहे हैं. वहीं इस लिस्ट में खतरों के खिलाड़ी सीजन ४ की विजेता रह चुकीं आरती छाबड़िया का नाम भी जुड़ा चुका है. वह विशारद बीड़ेसी से शादी करने वाली है. यह भी बताया जा रहा है कि दोनों ने गुपचुप तरीके से सगाई भी कर ली है. एक रिपोर्ट की मानें तो दोनों ने मॉरिशस में ११ मार्च को एंगेजमेंट कर ली है. अब दोनों शादी की तैयारियों को लेकर बिजी हैं. विशारद टैक्स कंसल्टेंट हैं जिनका मुख्य बिजनेस मॉरिशस में हैं. जानकारी के अनुसार दोनों शादी करने के बाद मुंबई शिफ्ट करने वाले हैं. विशारद को बिजनेस से सिलसिले में काफी ट्रैवल करना पड़ता है. लेकिन उन्हें मुंबई में सेटल होने में कोई दिक्कत नहीं है. रिपोर्ट की मानें तो दोनों अगले माह शादी के बंधन में बंध सकते हैं. आरती इन दिनों शादी के लिए शॉपिंग कर रही हैं. दोनों की फैमिली संगीत, शादी और रिसेप्शन की डेट फाइनल करने में जुटी है. स्पॉटबॉय के अनुसार आरती ने शादी को लेकर कई बातों का खुलासा किया. उन्होंने बताया- ''जब मैं पहली बार विशारद से मिली तब मुझे एहसास हुआ कि यही मेरे लिए परफेक्ट इंसान है. मैंने और विशारद ने ११ मार्च को मॉरिशस में परिवार वालों की उपस्थिति में सगाई कर ली है. मुझे बहुत खुशी है कि शादी के बाद हम इंडिया में ही रहेंगे. मैं अपना काम जारी रख पाऊंगी. इसके साथ ही मुझे अपने परिवार और दोस्तों के पास रहने का मौका मिलेगा. बता दें आरती ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है. वह तुमसे अच्छा कौन है, आवारा पागल दीवाना, राजा भइया, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, पार्टनर, दस तोला, शादी नंबर १, किससे प्यार करूं, लज्जा, मिलेंगे मिलेंगे जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं.

बीते दौर की इस खूबसूरत एक्ट्रेस जैसे दिखती हैं कियारा आडवाणी

एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने फगली फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था लेकिन उन्हें एमएस धोनी ए अनटोल्ड स्टोरी फिल्म से पहचान मिली थी. खास बात यह है कि कियारा की शक्ल अनवर फिल्म की एक्ट्रेस नौहीद सेरुसी से काफी मिलती जुलती है. सोशल मीडिया पर तो दोनों को ट्विंस भी बताया जा रहा है. नौहीद सेरुसी ने अनवर फिल्म में काम किया था. इस फिल्म का गाना मौला मेरे मौला फेमस हुआ था.

यह एक रोमांटिक थ्रिलर मूवी थी. इसमें नौहीद, मनीषा कोइराला के भाई सिद्धार्थ कोइराला के अपोजिट नजर आई थीं. नौहीद ने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है. वह इंतेहा, लकीर, भूतनाथ, कुरबान, किसान, लाइफ में कभी कभी, लव का तड़का, मैं और मिसेस खन्ना जैसी फिल्मों में काम चुकी है. सलमान की फिल्म जय हो में भी नौहीद नजर आ चुकी है. इसमें उनका छोटा सा रोल था. यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल थी. फिल्म का निर्देशन सलमान के छोटे भाई सोहेल खान ने किया था.

क्या विक्की कौशल और हरलीन के ब्रेकअप में है कटरीना का कनेक्शन



विक्की कौशल की हालिया रिलीज फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ डाले थे. फिल्म की सफलता के बाद विक्की कौशल कई बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रहे हैं. विक्की अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कभी बात नहीं करते हैं. हाल में खबरें आई थी कि विक्की का उनकी गर्लफ्रेंड हरलीन शेट्टी से ब्रेकअप हो गया है. इस दौरान यह भी पता चला कि हरलीन ने विक्की को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है .माना जा रहा है कि विक्की और हरलीन के ब्रेकअप की वजह कटरीना कैफ भी हो सकती हैं. हालांकि दोनों ने ब्रेकअप की वजह को लेकर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है. अब खबर है कि विक्की और कटरीना साथ में कैमरा फेस करते दिखेंगे.

एक रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना और विक्की कौशल फिल्म कैंपेनियन के टेप कास्ट शो में नजर आएंगे. सूत्रों की मानें तो दोनों ने एपिसोड के लिए शूट भी कर लिया है. इस एपिसोड में दोनों अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में कई राज खोलते हुए नजर आएंगे.

कलंक के पहले गाने में खास होगा आलिया का अंदाज, प्रीतम ने दिया ये बड़ा हिंट

आलिया भट्ट और वरुण धवन स्टारर फिल्म कलंक १७ अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म का टीजर वीडियो रिलीज किया जा चुका है और इसने दर्शकों के दिलों में ट्रेलर के लिए एक्साइटमेंट और बढ़ा दिया है. ट्रेलर जब भी रिलीज हो, फिलहाल फिल्म के पहले गाने को लेकर म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके एक बड़ा सीक्रेट रिवील कर दिया है. प्रीतम ने रविवार को ट्वीट करके कहा, 'कंलक के पहले गाने के साउंड को फिनिशिंग टच दे रहा हूं, और आलिया ने अपने कथक मूव्स से कमाल कर दिया है.' यानि एक बात जो इस गाने के रिलीज होने से पहले ही सामने आ गई है वो ये है कि गाने में आलिया कथक करती नजर आएंगी. खुद प्रीतम इतने एक्साइटेड नजर हैं कि वह खुद को ट्वीट करके ये जानकारी शेयर किए बिना नहीं रह सके. साथ ही प्रीतम ने ये बताकर अपने फैन्स को गाने के लिए एक्साइटेड भी कर दिया है. अब देखना ये होगा कि मेकर्स पहले फिल्म का गाना रिलीज करेंगे या इसका ट्रेलर. आलिया भट्ट के फैन्स इस ट्वीट के बाद सातवें आसमान पर हैं और इसे खूब लाइक और शेयर कर रहे हैं. बता दें कि कलंक हिंदू मुस्लिम विवाद पर आधारित फिल्म है जिसका बजट तकरीबन ८० करोड़ रुपये है.

भारतीय महिला टीम श्रीलंका को ५-० से हराकर सेमीफाइनल में

विराटनगर (नेपाल), संजू यादव के शानदार खेल के दम पर भारतीय महिला फुटबाल टीम ने सैफ चैम्पियनशिप में रविवार को यहां श्रीलंका को ५-० से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। संजू खुद कोई गोल नहीं कर सकी लेकिन उनके बनाये मौकों पर भारतीय खिलाड़ियों ने चार गोल किये। भारत के लिए पांचों गोल अलग-अलग खिलाड़ियों ने किये। इस जीत से भारतीय टीम ग्रुप बी में शीर्ष पर रही। भारत इस टूर्नामेंट में पिछले २१ मैचों से अजेय है। सेमीफाइनल में भारत का सामना ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहे बांग्लादेश से होगा जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में श्रीलंका की टीम नेपाल से भिड़ेगी। चार बार की गत चैम्पियन भारत के ली ग्रेस दांगमेई ने संजू की मदद से मैच के चौथे मिनट में पहला गोल किया। इसके तीन मिनट बाद संजू ने एक और मौका बनाया और इस बार संध्या ने उसे गोल में बदल कर भारत की बढ़त दोगुना की। संजू ने मैच के ३६ मिनट में श्रीलंका की रक्षा पंक्ति का भेदकर इंदुमति को पास दिया जिन्होंने गोल कर भारत को ३-० से आगे कर दिया। मध्यांतर के ठीक पहले संजू ने एक और मौका बनाया और इस बार संगीता ने गेंद को श्रीलंका के गोलपोस्ट में डालने में सफल रही। मध्यांतर के बाद भी भारत का दबदबा बरकरार रहा और रतनबाला ने टीम के लिए पांचवां गोल कर श्रीलंका के वापसी के रास्ते को बंद कर दिया।

विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह का जलवा कायम

दुबई : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग की बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू सीरीज में ३१० रन बनाने के बाद कोहली पहले स्थान पर काबिज रहे, जबकि एकदिवसीय टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा ने इस सीरीज में २०२ रन के बूते रैंकिंग में दूसरा स्थान बरकरार रखा है। केदार जाधव के हरफनमौला खेल ने उन्हें पांच मैचों की सीरीज के बाद ११ स्थानों के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ २४वें स्थान पर पहुंच गए है। इस सीरीज को भारत ने २-३ से गंवा दिया। इसबीच, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने शनिवार को केप टाउन में श्री लंका के खिलाफ समाप्त हुई घरेलू सीरीज में टीम की ५-० से जीत में बड़ी भूमिका निभाने के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया। बाएं हाथ के २६ साल के इस बल्लेबाज ने सीरीज में ३५३ रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। इस प्रदर्शन से उन्होंने रैंकिंग में चार स्थानों का सुधार किया और सीरीज में मैन ऑफ द सीरीज भी रहे। न्यू जीलैंड के दिग्गज रोस टेलर तीसरे स्थान पर बने हुये है।

गेंदबाजों में बुमराह टॉप पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में बुमराह ७७४ अंक के साथ शीर्ष पर हैं। न्यू जीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट लेकर दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई और अफगानिस्तान के राशिद खान को तीसरे पायदान पर धकेल दिया है। दक्षिण अफ्रीका के लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने श्री लंका के खिलाफ ९ विकेट चटकाने के बाद सात स्थानों का सुधार किया। वह रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं। शीर्ष पांच में हांलाकि कोई भी भारतीय नहीं है। एकदिवसीय टीम रैंकिंग में इंग्लैंड पहले और भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। न्यू जीलैंड मामूली अंतर से दक्षिण अफ्रीका को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को धकेल कर ५वें स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका को एक अंक का फायदा हुआ है जबकि श्री लंका को दो अंक का नुकसान हुआ है।

आईपीएल मैचों की संख्या को लेकर खिलाड़ियों को कोई दिशा निर्देश नहीं: विराट कोहली

बेंगलुरु : भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली ने कहा कि विश्व कप खेलने वाले खिलाड़ियों के कार्यभार को लेकर आईपीएल टीम फ्रैंचाइजी को कोई दिशा निर्देश नहीं दिए गए हैं और किसी भी चीज पर बंदिश नहीं लगाई जा सकती। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि उनके साथी खिलाड़ी ३० मई से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले अपने कार्यभार का प्रबंधन चतुराई से करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान कोहली ने कहा, 'यदि मैं १०, १२ या १५ मैच खेल सकता हूं तो इसके मायने यह नहीं है कि दूसरा भी उतने ही खेलेगा। मेरा शरीर कहता है कि मैं इतने ही मैच खेलूं और चतुराई से चयन करके आराम भी करूं।' उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि किसी और का शरीर इससे ज्यादा या कम मैच खेलने की अनुमति देता हो। हर कोई विश्व कप खेलना चाहता है तो उन्हें बुद्धिमानी से काम लेना होगा।' कोहली ने कहा कि फिटनेस का मसला खिलाड़ियों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, 'सभी भारतीय खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी होगी कि वे आईपीएल के दौरान अपनी फिटनेस और कार्यभार का ख्याल रखें। हमें दर रोज अपने प्रदर्शन में सुधार करना है। हर खिलाड़ी इस टूर्नामेंट को विश्व कप से पहले लय में आने का जरिया मानकर खेलेगा।'

संक्षिप्त न्यूज

रेल मंत्री के नाम पर खार में भी ठगी

मुंबई : रेल मंत्री पीयूष गोयल के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को खार पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने एक व्यक्ति से टीसी की नौकरी दिलाने के बहाने 1 लाख 90 हजार रुपये ले लिए। इंस्पेक्टर नंदकुमार गोपाले की जांच में पता चला कि आरोपी ने रेल मंत्री के फर्जी सिग्नेचर कर उनके नाम से ऑफर लेटर भी जारी कर दिया था। कुछ दिनों पहले माटुंगा में भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जिसमें पीड़ित को डेढ़ लाख रुपये की चपत लगा दी गई थी।

अगली सरकार एनडीए की'

मुंबई : शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि 2014 में बनी सरकार भाजपा की थी जबकि अगली सरकार एनडीए की होगी। राऊत ने कहा कि भाजपा को आगामी लोकसभा चुनावों में करीब 210 सीटें मिल सकती हैं और एनडीए को करीब 300 सीटें मिलेंगी। राऊत ने कहा कि अभी भाजपा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं दिख रहा, लेकिन यदि भाजपा को 200 से कम सीटें मिलती हैं तो अगले प्रधानमंत्री का नाम तय करने में एनडीए के घटक दलों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी।

उत्तर भारतीय परिवर्तन मंच का 'होली मिलन'

मुंबई : उत्तर भारतीय परिवर्तन मंच एवं शुक्ला परिवार की ओर से होली मिलन सम्मेलन आयोजित किया गया है। गुरुवार शाम 6 बजे से अंधेरी (पश्चिम) के न्यू लिंक रोड एक्सटेंशन स्थित माहेश्वरी भवन में होगा। आयोजन को सफल बनाने में श्वेता शालिनी, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, सुनीता सिंह, सुरेश शाहू समेत अन्य जुटे हुए हैं।

अर्चना ट्रस्ट का होलिकोत्सव

मुंबई : भगवान श्रीराधाकृष्ण के साथ मिलकर होली खेलने का आत्मिक सुख लेने के लिए अर्चना ट्रस्ट ने श्रीकृष्ण रंग रसिया टीम की जैस्मिन मेहता द्वारा रचाई गई नृत्य नाटिका को साकार किया। सेक्रेटरी संपत बियानी के मुताबिक इस मौके पर सुषमा श्रॉफ, रूपा दोशी, दमयंति पित्ती के अलावा प्रेजिडेंट कविता गर्ग ने महिलाओं के लिए कई नए कार्यक्रम भी किए।

'राजनीति और पत्रकारिता' विषय पर चर्चा सत्र

मुंबई : मुंबई विश्वविद्यालय के गरवारे शिक्षण संस्थान में 'राजनीति और पत्रकारिता' विषय पर चर्चा सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. दयानंद तिवारी और कांग्रेस नेता जाकिर अहमद थे। इस दौरान, नोटबंदी, पुलवामा हमला, जीएसटी समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। समन्वयक सरोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार सैयद सलमान समेत छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मीरा रोड में होली स्नेह सम्मेलन

मीरा रोड : मैथिल समाज सेवा संस्था के तत्वावधान में आज मीरा रोड के सुरभि सभागृह में होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। गायिका श्रुति झा और हीरा हमराही होली गीतों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी ललित झा ने दी। समारोह को सफल बनाने में दीपक झा, संजय राय, अरुण चौधरी, अभिनेता फूलकुमार झा, डॉ.राकेश झा और राजेश झा जुटे हैं।

कल्याण-डोंबिवली में 'होली स्नेह मिलन'

कल्याण : 'सृजन संस्था' द्वारा कल्याण (पूर्व) में 'होली स्नेह मिलन' का आयोजन 21 मार्च को होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बेलवरिया सम्राट शिवपूजन मिश्रा एवं भोजपुरी गायिका सेतु सिंह बेलवरिया, भोजपुरी होली गीत होगा। संस्था के रामचंदर पांडेय के मुताबिक शाम 5 बजे से दुर्गा माता मंदिर, कोलसेवाडी, कल्याण (पूर्व) में कार्यक्रम रखा गया है। संस्था अध्यक्ष विश्वनाथ दुबे के मुताबिक उक्त मशहूर गायक और गायिका के होली गीतों का आनंद डोंबिवली पूर्व के पिंपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी उठाया जा सकता है।

दूसरे चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 18 अप्रैल को होने वाले मतदान की अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में 13 राज्यों की 97 सीटों के लिए मतदान होगा। मंगलवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण के लिए पर्चा दाखिल करने की अंतिम तिथि 26 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 27 मार्च को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 29 मार्च है। इस चरण में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों के अलावा यूपी की 8, बिहार की 5, जम्मू-कश्मीर की 2, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 10 और पश्चिम बंगाल की 3 सीटों पर चुनाव होगा।

अनुच्छेद 370 पर फैसला देने वाले जज को टिकट

श्रीनगर : नैशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के पूर्व जज हसनैन मसूदी को अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। मसूदी अनुच्छेद 370 पर दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने फैसले में कहा था कि राज्य को इसके तहत दिया गया विशेष दर्जा स्थायी है। जनवरी 2016 में रिटायर होने वाले 65 वर्षीय मसूदी अभी किशोर न्याय अधिनियम के तहत चयन एवं निगरानी समिति में हैं। वहीं, पार्टी ने श्रीनगर सीट से फारूक अब्दुल्ला को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है।

माकपा के 38 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा

कोलकाता : माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में 38 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की और कहा कि बाकी निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के पहले राज्य में गठबंधन पर कांग्रेस के जवाब का इंतजार है। वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने कहा कि वह कांग्रेस के जवाब के लिए बुधवार शाम तक इंतजार करेंगे।

शिक्षक की हिरासत में मौत की जांच हो : उमर

श्रीनगर : नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर के एक शिक्षक की हिरासत में मौत की समयबद्ध जांच कराने और उसकी मृत्यु के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मंगलवार को मांग की। अब्दुल्ला ने ट्वीट किया,'मुझे उम्मीद थी कि हिरासत में मौतें हमारे काले अतीत की चीज थीं। यह एक अस्वीकार्य घटनाक्रम है और इसकी पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से जांच की जानी चाहिए। इस युवक के कातिलों को कठोर सजा दी जाए।' अधिकारी ने बताया कि आतंकवाद से संबंधित मामले में 28 वर्षीय रिजवान पंडित को गिरफ्तार किया गया था।

कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिए नाटक का सहारा

मुंबई : कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्याख्यान, फिल्मी संदेशों, विज्ञापनों की सफलता के बाद नाट्य प्रस्तुतियों के इस्तेमाल की योजना है। बंगलुरू के लिटिल थिएटर ग्रुप ने मंगलवार को इस रोग की गंभीरता को प्रतिबिंबित करने वाले नाटक 'मॉन्स्टर इन द डार्क' का मंचन टाटा कैंसर अस्पताल के विशेषज्ञों के लिए किया। मुंबई के एनसीपीए थिएटर में हुए इसके मंचन के बाद इसके शो देशभर में कराने की रणनीति बनाई जा रही है। टाटा अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र बडवे ने बताया कि आज लोगों में कैंसर के मरीजों को लेकर 'समानुभूति' नहीं रही। यह नाटक एक माध्यम है लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता और लोगों में सहानुभूति के साथ 'समानुभूति' बढ़ाने का।' बंगलुरू में बने नाटक के अब तक १७ शो हो चुके

हैं। ड्रामा में तंबाकू और सिगरेट से मुंह का कैंसर फैलने की बात की गई है। तंबाकू पर २०१४ में प्रतिबंध लगाए गए थे, तब से लेकर अब तक ओरल कैंसर में १८ प्रतिशत गिरावट आई है। ऐसे में, नाटक के माध्यम से लोगों को यह बखूबी बताया जा सकता है कि ओरल कैंसर को बढ़ाने के लिए सिगरेट और तंबाकू कैसे जिम्मेदार हैं। नाटक की लेखिका काव्या श्रीनिवासन का कहना है, 'इस नाट्य को लिखना बेहद मुश्किल था, क्योंकि किताब में बहुत कुछ दिया है। हमने फिर भी इस नाटक में किताब का ७० प्रतिशत हिस्सा दिखाने की कोशिश की है। इसकी भूमिका यह है कि अगर आपको कैंसर के बारे में कुछ भी पता नहीं है और आप इससे जुड़ा यह मंचन देखकर बाहर निकलेंगे, तब आपको कम से कम यह मालूम होगा कि 'हां, यह कैंसर है और यह इस तरह पनपता है।'

डायरेक्टर मुर्तुजा खेट्टी और दीपक मोटे ने यह नाट्य रूपांतर सिद्धार्थ मुखर्जी की एक किताब 'द एम्परर ऑफ ऑल मेलेडी' के आधार पर तैयार किया है। लेखिका श्रीनिवासन ने कहा, मुझे लगता है इस किताब पर दो और नाटक बनाए जा सकते हैं, क्योंकि इसमें दिखाने को इतनी सारी चीजें है।

दलाई के उत्तराधिकारी को चीन से स्वीकृति लेनी होगी

बीजिंग : चीन ने दलाई लामा के इस ऐलान को मंगलवार को खारिज कर दिया कि उनका उत्तराधिकारी भारत से हो सकता है और बीजिंग की ओर से नामित शख्स का सम्मान नहीं होगा। चीन ने कहा कि तिब्बती बौद्ध धर्म के अगले आध्यात्मिक नेता को चीन सरकार से मान्यता लेनी होगी। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित ८३ वर्षीय लामा ने सोमवार को एक समाचार एजेंसी से कहा कि यह संभव है कि उनके निधन के बाद उनका अवतार भारत में मिल सकता है और चेताया कि चीन द्वारा नामित किसी भी अन्य उत्तराधिकारी का सम्मान नहीं किया जाएगा। इसके बाद चीन ने यह प्रतिक्रिया जाहिर की है।

पत्रकारों ने दलाई लामा की टिप्पणी के बाबत चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि पुन:अवतार तिब्बती बौद्ध धर्म का अनूठा तरीका है। इसका निश्चित अनुष्ठान और परंपरा हैं। उन्होंने कहा,'चीन सरकार की धार्मिक आस्था की स्वतंत्रता की एक नीति है। हमारे यहां धार्मिक मामलों पर अपने कायदे-कानून हैं और तिब्बती बौद्ध धर्म में पुन: अवतार की परंपरा को लेकर भी कायदे-कानून हैं। हम तिब्बती बौद्ध धर्म के इन तरीके का सम्मान करते हैं और संरक्षण करते हैं।' तिब्बती लोगों के आध्यात्मिक नेता को दलाई लामा का उपाधि दी जाती है। गेंग ने कहा,'सैकड़ों साल से पुन: अवतार की पंरपरा है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे

मुंबई : राज्य की सभी ४८ सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए सपा और बसपा ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अल्पसंख्यक, दलित और समाज के दबे कुचले लोगों के साथ धोखा किया है। सपा-बसपा ने मजबूत गठबंधन की घोषणा करते हुए दावा किया कि पूरे दमखम के साथ लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को को सपा और बसपा ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस कर चुनाव लड़ने की घोषणा की। सपा अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने कहा कि सीट बंटवारे का निर्णय एक-दो दिन में ले लिया जाएगा। कौन सी पार्टी का उम्मीदवार कहां से चुनाव लड़ेगा, इसकी घोषणा जल्दी ही करेंगे। आजमी ने फिर दोहराया कि महाराष्ट्र में सपा ने कांग्रेस-राकांपा के साथ गठबंधन करके केवल एक सीट पर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन सपा को गठबंधन में शामिल नहीं किया गया।

बसपा के प्रदेश प्रभारी डॉ.अशोक सिद्धार्थ ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अल्पसंख्यक, दलित और समाज के दबे कुचले लोगों के साथ धोखा किया है। दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए यूपी की तरह ही महाराष्ट्र में हमने गठबंधन किया है। उन्होंने बताया कि जहां हमारी स्थिति मजबूत है, वहां बसपा का उम्मीदवार चुनावी मैदान में होगा। जहां सपा मजबूत होगी वहां सपा का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। पार्टी सुप्रीमो मायावती की पहली चुनावी रैली नागपुर में ४ अप्रैल को होगी। संभावना है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल होंगे।

२१ वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ होटल के मालिक सहित अन्य वेटरों पर मामला दर्ज सभी आरोपी फरार

ठाणे : मुंबई से सटे ठाणे ग्रामीण क्षेत्र के मीरा रोड की रहने वाली एक २१ वर्षीय महिला ने कल रात एक होटल के मालिक और होटल में काम करने वाले वेटरों छेड़छाड़ मारपीट और गालीगलौज करने के मामले दर्ज किया हैं। इस मामले में होटल के मालिक सहित अन्य वेटरों पर दर्ज कराया एफआईआर सभी आरोपी फरार है। ठाणे ग्रामीण क्षेत्र पुलिस प्रवक्ता युराज कलकुटगे और ठाणे ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कनकिया पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक शेखर दोम्बे ने कहा मामला कल देर रात की है महिला और उसके साथ आए उसके दोस्त मीरा रोड के एस के स्टोन के पास लीटिल किंग नामक रेस्टुरेंट में गए थे। मीरा रोड के कनकीया पुलिस स्टेशन की हद में आने वाले होटल लिटिल किंग के मालिक और महिला के साथ बदसलूकी गालीगलौज और महिला के साथ आए उसके दोस्त के साथ मारपीट किया था। जिसके बाद मीरा रोड के कनककिया पुलिस ने आरोपी करन, कमल, रौनक और लिटील किंग के मालिक और अन्य फरार चल रहे आरोपी वेटर पर भारतीय दंड कानून सहित धारा ३५४, ३२३ और भी कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होते ही सभी आरोपी फरार बताये जा रहे है।फरार चल रहेआरोपीयो को कनकिया पुलिस के अधिकारी ढूंढ रहे हैं।

जवाबी हमला भी तेज

मुंबई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ट्विटर पर चलाए जा रहे 'मैं भी चौकीदार' अभियान के जवाब में बेरोजगार युवाओं ने एक अनोखे मुहिम की शुरुआत की है। बेरोजगारी के खिलाफ चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन युवा-हल्लाबोल ने 'मैं भी बेरोजगार' मुहिम की शुरुआत की है। इसके तहत बेरोजगार युवा अपनी व्यथा और परेशानी साझा कर रहे हैं। युवा-हल्लाबोल द्वारा इस सोशल मीडिया कैंपेन की घोषणा होते ही कई युवाओं ने ट्विटर पर अपने नाम में 'बेरोजगार' जोड़ लिया और हैशटैग क्ष्मैंभीबेरोजगार के साथ ट्वीट किए।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अनुपम ने ट्वीट किया, ''बेरोजगारी दर ४५ साल का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। हर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, अनियमितता या भ्रष्टाचार का राज है।

देश का पढ़ा लिखा युवा चीख-चीख कर क्ष्मैंभीबेरोजगार कह रहा है, लेकिन सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाले मोदी जी क्ष्मैंभीचौकीदार से युवाओं का मजाक उड़ा रहे हैं!' विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों ने भी ट्वीट कर बताया कि कितने साल से वो मेहनत कर रहे हैं और किन कारणों से एक रोजगार नहीं मिल पा रहा उन्हें।

बेरोजगारी के मुद्दे को चुनावी बहस का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है।

कल्याण के बीएसयूपी घोटाले की जांच अब सीबीआई के पास

कल्याण (मुंबई) : कल्याण में बीएसयूपी योजना के तहत बनाए जा रहे घर विवादों के घेरे में आ गए हैं। दरअसल एक याचिकाकर्ता ने इसमें घोटाले का आरोप लगाते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो से पूरे मामले की जांच की मांग थी। लेकिन जब ब्यूरो ने मामले की जांच से मना कर दिया तो याचिकाकर्ता कौस्तुभ गोखले ने इसकी शिकायत महाराष्ट्र पुलिस शिकायत प्राधिकरण के पास कर दी। गोखले की शिकायत की सुनवाई करते हुए अब महाराष्ट्र पुलिस शिकायत समिति ने ब्यूरो को आदेश दिया है कि वह इस मामले में ५ अप्रैल तक एक रिपोर्ट पेश करे और अगर वह यह करने में असमर्थ रहा, तो मामला जांच के लिए सीबीआई में भेज दिया जाएगा। दरअसल कौस्तुभ देसाई का आरोप है बीएसयूपी के तहत २००७ से बन रहे गरीबों के घर में के इस प्रॉजेक्ट में बड़ा घोटाला हुआ है। यही नहीं, गरीबों के घर तो तोड़ दिए गए, लेकिन उनके लाभार्थियों की लिस्ट में भी काफी घपला हुआ है और कई ऐसे लोगों के नाम जोड़ दिए गए हैं, जिनके घर यहां थे ही नहीं। मनपा ने बीएसयूपी के तहत जिन बिल्डिंगों का निर्माण किया है उसमें भी कई ऐसी इमारतें हैं, जिनकी परमिशन न तो टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट से ली गई और न ही कोई प्रॉजेक्ट ढंग से पास कराया गया। कई ऐसी जगह पर बिल्डिंग बना दी गई जो कि किसी प्राइवेट व्यक्ति के नाम पर थी। इन सभी मामलों को लेकर कौशिक देसाई काफी सालों से लड़ाई लड़ रहे थे और जब उन्होंने पाया कि एंटी करप्शन ब्यूरो या कोई और सरकारी एजेंसी मामले की बराबर से तहकीकात नहीं कर रही है, तो उन्होंने महाराष्ट्र पुलिस के शिकायत विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई और अब उन्हें उम्मीद है कि ब्यूरो यह पूरा घोटाला खोज निकालेगा और मामले की जांच करेगा ताकि सच सामने आ सके।

'बेरंग' किया, तो होंगे गिरफ्तार

मुंबई : बुधवार से मनाए जाने वाले रंगों का त्योहार होली और धुलिवंदन के मौके पर असामाजिक तत्वों और होरियारों द्वारा लोगों पर उनकी मर्जी के बिना रंग-बिरंगे गुब्बारे फेंकने और हुड़दंग मचाने वालों पर मुंबई पुलिस की खास नजर है। मुंबई पुलिस द्वारा जारी एक जीआर के अनुसार, लोगों की मर्जी के बिना उन पर रंग भरे गुब्बारे फेंकने या धूल-मिट्टी फेंकने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। शिकायत मिलने पर सादी वर्दी में मौजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार भी कर सकती है। सार्वजनिक जगहों पर इस तरह की हरकतों से कानून-व्यवस्था बिगड़ती है। लोगों की प्रतिष्ठा और छवि खराब होती है। इस संबंध में अगर कोई व्यक्ति पुलिस में शिकायत दर्ज कराता है, तो आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा १८८ के तहत पुलिस कार्रवाई करेगी। इस आरोप में एक महीने की जेल और गिरफ्तारी होगी। यह नियम १९ मार्च से २२ मार्च तक लागू रहेगा। मुंबई पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से होली और धुलिवंदन पर्व मनाए। कानून-व्यवस्था को बाधित नहीं करें

महिला से ऑनलाइन दोस्ती कर 74 लाख ठगने वाले नाइजीरियाई दंपती समेत तीन गिरफ्तार

मुंबई : ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में 57 वर्षीय महिला से 74 लाख रुपये ठगने के आरोप में शनिवार को नवी मुंबई से एक नाइजीरियाई दंपती और उनके सहयोगी भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि महिला और अपने आप को अमेरिकी बताने वाला एक आरोपी आमरा ओब्सोयगू वर्ष 2017 से सोशल मीडिया पर दोस्त थे। आरोपी ने खुद को यूएस नेवी में मैरीन इंजिनियर कैप्टन बताकर पीड़िता से दोस्ती की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आमरा ओब्सोयगू (32) और उसकी पत्नी खिस्टाबेल (30) भारत में अवैध तरीके से रह रहे थे। आरोप है कि इन दोनों ने माहिम इलाके में रहने वाली महिला के साथ मई 2018 में ठगी की। आरोपियों ने महिला से सोने और नकद के अपने माल को सीमा शुल्क वालों से पास कराने के लिए 74.25 लाख रुपये देने के लिए कहा था। उन्होंने महिला को इसके बदले दोगुनी राशि देने का वादा किया था।

फोन उठाना बंद कर दिया तो पुलिस से शिकायत

इनके झांसे में आकर महिला ने कई किश्तों में उनके बैंक खातों में पैसा जमा कराया। जब आरोपियों ने उसके फोन का जवाब देना बंद कर दिया तब महिला को पता चला कि उससे धोखाधड़ी हुई है। उसने 23 जून, 2018 में माहिम पुलिस थाने में शिकायत की।

महीनों की जांच के बाद लगा सुराग

महीनों की जांच के दौरान पुलिस ने मिजोरम, दिल्ली और हैदराबाद जैसे स्थानों में स्थित 30 बैंक खातों में रुपयों के लेनदेन का पता लगाया। खुफिया सूचना और तकनीकी जानकारियों के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के ऑटोरिक्शा चालक अशोक बोराड (40), नाइजीरियाई नागरिक और उसकी पत्नी को पकड़ लिया। तीनों को 22 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।

मासूम बच्चे को कुचल कर लाश को कार के डिक्की में डाल कर भाग रहे थे भाई-बहन, भाई गिरफ्तार

मुंबई : मुंबई के आरे कॉलोनी पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसने एक मासूम बच्चे को अपनी कार से कुचल कर उसकी हत्या कर दिया बच्चे की मौत के बाद लाश को कार के डिक्की में डाल कर भागने की कोशिश किया लेकिन घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने पीछा कर उस शक्श को पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि इस दर्दनाक घटना में आरोपी के साथ उसकी बहन भी थी हैरानी की बात ये है कि बच्चे की लाश को आरोपी की बहन ने कार की डिक्की में डाला और फरार होने की योजना बनाई के हाथ लगी जानकारी के अनुसार मंगलवार करीब दोपहर १२.३० बजे आरे कॉलोनी स्थित फ़िल्टर पाड़ा इलाके में ४ वर्षीय अरहान खान अपने घर के सामने खेल रहा था, उसी समय तेज गति से आ रही महिंद्रा कार ने अरहान को कुचल दिया और लगभग २० फिट तक घसीटते हुए लेकर गया पास में मौजूद लोगों ने बताया कि अरहान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी लेकिन ड्राइवर ने अनान फानन में लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश किया और कार के

सामने सीट पर बैठी एक महिला फौरन उतर कर अरहान को डिक्की में डाल दिया।

इलाके के लोगों के इस दर्दनाक घटना को देखकर शोर मचाने लगे जिससे सुनकर अरहान के चाचा सैफअली खान भागकर आए और कार का पीछा करते हुए कार के सामने दरवाज़ा को पकड़ कर कार को रुकाने की कोशिश करने लगे। कार में मौजूद महिला ने सैफअली के चेहरे पर घुसे मारने लगी। कड़ी मेहनत के बाद सैफअली ने कार का हैंडब्रेक खींच दिया जिससे कार रुक गई। कार रुकने के बाद वहां मौजूद लोगों ने कार चालक और उसकी बहन को आरे कॉलोनी पुलिस थाने लेकर गए। पुलिस ने आरोपी अभिमन्यु सिंग (२६) जो कि रॉयल पम्प के रहने वाले हैं, को मेडिकल जांच करवा कर तुरंत गिरफ्तार कर लिया लेकिन इस दर्दनाक हादसे में मौजूद आरोपी की बहन को पुलिस ने बिना कोई कार्रवाई किए जाने दिया। लोगों की माने तो कार में आगे और पीछे के सीट पर वाइन और शराब के बोतल पड़ी हुई थी। अरहान के पिता रमजान खान ने बताया कि फ़िल्टर पाड़ा में सामने उनकी दुकान हैं और ठीक पीछे मकान। अरहान दुकान से घर के दरवाजे पर जाकर खड़ा हुआ और अचानक तेज गति से आयी कार ने अरहान को घसीटते हुए ले गई और जबतक मै कुछ समझ पाता तबतक मेरा बेटा कार के नीचे कुचलने से मर चुका था।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि चालक अभिमन्यु नशे में था। ज़ोन १२ के डीसीपी डॉ. विनय कुमार राठौड़ ने बताया कि आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया हैं और जांच चालु हैं।

गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड को मिलेगा कसल्टेंट

मुंबई: पूर्वी उपनगर से पश्चिमी उपनगर को जोड़नेवाली मनपा की महत्वाकांक्षी परियोजना गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड कार्य को अब और गति मिलनेवाली है। इस परियोजना के लिए मनपा सलाहकार नियुक्त करने जा रही है। बता दें कि मनपा की स्थायी समिति में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना पर सलाहकार नियुक्त करने का प्रस्ताव आया है। ऐसे में इसके द्वारा वन विभाग और अन्य विभागों से स्वीकृति लेने के कार्य में शीघ्रता आएगी। साथ ही सुरंग के लिए निविदा तैयार करने का कार्य भी किया जाएगा। ऐरोली नाका, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे से तानसा पाइप लाइन खिंडीपाड़ा-मुलुंड तक निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं ओबेरॉय मॉल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे से फिल्मसिटी प्रवेशद्वार, गोरेगांव में भी कार्य होगा। इसके लिए मनपा द्वारा जारी निविदा में मे. पेंटाकल कन्सल्टेंट्स प्रा. लि. और मे. टंडन अर्बन सॉल्युशन्स प्रा. लि. का नाम प्रकाश में आया है। स्थायी समिति में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना के कार्य में अधिक तेजी आएगी। मनपा द्वारा प्रस्तावित बजट में इस परियोजना पर १०० करोड़ रुपए का प्रावधान है।

सोती रही पत्नी,फंदे से लटका पति

मुंबई: दहिसर में एक ३३ वर्षीय सब्जी विक्रेता ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। देर रात के समय हुई इस घटना का खुलासा तब हुआ जब बगल में सो रही मृतक के पत्नी की नींद टूटी। रावल पाड़ा इलाके में स्थित श्रीकृपा एसआरए नामक इमारत में घटी इस घटना को लेकर नेशनल सर्वेंट ऑफ इंडिया नामक ट्वीटर अकाउंट से प्रधान-मंत्री, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र के डीजीपी, मुंबई पुलिस और मुंबई पुलिस आयुक्त को ट्वीट करके यह हत्या का मामला होने का दावा किया गया है। ट्वीट में किसी रामू और भीम नामक शख्स द्वारा अर्जून और उसकी पत्नी के साथ मारपीट किए जाने तथा उनकी सम्पत्ति पर जबरन कब्जा कर लिए जाने का दावा किया गया है लेकिन उक्त ट्वीट करनेवाले से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो कोई जवाब नहीं मिला। दूसरी ओर दहिसर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत पिन्गले ने बताया कि अर्जून को शराब पीने की लत थी। घटनावाली रात वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहा। अचानक पत्नी की आंख खुली तो अर्जून फांसी के फंदे से लतकता मिला। दरवाजा अंदर से बन्द था। अर्जून की पत्नी ने अपने ससुर रामू और देवर भीम को घटना की सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी पर लटकने के कारण अर्जून की मौत होने का खुलासा हुआ है।

तीन करोड़ इफेड्रिन (ड्रग्स) के साथ ३ अपराधी गिरफ्तार

मीरा रोड : ठाणे ग्रामीण क्षेत्र नवघर पुलिस स्टेशन के हद में आनेवाले क्षेत्र में बनटास होटल के पास से डिवीज़न के आईपीएस अतुल कुलकर्णी को गुप्त सूचना मिली कि दो लोग ड्रग्स की तस्करी करने आने वाले हैं। सूचना मिलते ही आईपीएस अधिकारी अतुल कुलकर्णी और उनकी टीम ने जाल बिछाकर दो लोगो को २५ किलो इफेड्रिन (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया जिसकी कीमत ३ करोड़ रुपए है।

पुलिस की पूछताछ में दोनो आरोपियों योगेश रमन लाल शाह (५०)(जो कि मुंबई के कांदिवली के रहने वाला हैं), दुसरा आरोपी शाहदेव वैजनाथ जमादार (३८) (जो कि यह भी मुंबई के कांदिवली का रहने वाला हैं) ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। जिसके बाद दोनो आरोपियों पर भारतीय दंड कानून सहित एन डी पी एस एक्ट और तस्करी करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

आईपीएस अधिकारी अतुल कुलकर्णी ने कहा कि अब तक तो दो लोगो गिरफ्तार किया गया और आगे की पूछताछ जारी है फिहलाल अभी तक इन दोनो के पास से २५ किलो इफेड्रिन (ड्रग्स) बरामद किया गया है। जिसकी बाजार में कीमत ३करोड़ रुपए की है।

दिल्ली में ८३ किलो हेरोइन जब्त

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए ७ से १३ मार्च के बीच तीन कुख्यात गिरोह के १२ तस्करों को गिरफ्तार कर ८३ किलोग्राम हेरोइन पकड़ी है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह स्पेशल सेल द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स की सबसे बड़ी खेप है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ३३२ करोड़ रुपये बताई जा रही है। अफगानिस्तान और म्यांमार से तस्करी कर लाई गई हेरोइन की सप्लाई पश्चिमी देशों और भारत के विभिन्न इलाकों में होनी थी। पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर दिल्ली को हेरोइन तस्करी के लिए ट्रांजिट प्वाइंट के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे।

पुलिस ने नशे के कारोबार के नेटवर्क की कमर तोड़ी : स्पेशल सेल ने पिछले कुछ समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय गिरोह से जुड़े तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। बीते सालों में स्पेशल सेल करीब २५ गिरोह से जुड़े सैकड़ों तस्करों को गिरफ्तार कर २७५ किलोग्राम हेरोइन बरामद कर चुकी है। पुलिस तस्करों के नेटवर्क की कमर तोड़ने में जुटी है।

म्यांमार से आता था कच्चा माल

डीसीपी प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि शामूता गिरोह पर तीन महीने से नजर रखी जा रही थी। इस गिरोह के दो सदस्यों धनजी और धीरज को गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली के सराय काले खां स्थित इंद्रप्रस्थ पार्क के पास से ७ मार्च को दबोचा लिया गया, जिनके पास से २१ किलो हेरोइन बरामद हुई। फिर इनकी निशानदेही पर गिरोह की सरगना शामूता को १३ मार्च को असम से२३.५ किलो हेरोइन के साथ दबोच लिया गया।

मीरा रोड के नवघर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो इफेड्रिन (ड्रग्स) के तस्करी करने आया था।

2 बीवियों को 'खुश' रखने के लिए छापे 5 लाख के नकली नोट, गिरफ्तार

मुंबई : मुंबई पुलिस ने एक स्क्रिप्टराइटर को कथित रूप से जाली नोट छापने और करीब १५ लाख रुपये मार्केट में जारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी दो बीवियां हैं जिनके गुजारा भत्ता और उन्हें खुश रखने के लिए उसने ऐसा किया। मुंबई के बोरिवली स्थित एसवी रोड में पुलिस ने आरोपी देव कुमार रामरतन पटेल (३७) को रंगे-हाथ पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उस समय बैग के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उसके बैग की जांच करने के बाद जाली नोट सामने आए। पुलिस ने बताया कि आरोपी रामरतन पटेल कई टीवी सीरियल की स्क्रिप्ट लिख चुका है जिसमें ईश्वर एक अपराध भी शामिल है।

पुलिस ने आरोपी के नालासोपारा घर में छानबीन की जहां से ५ लाख रुपये के नकली नोट मिले। इसमें २ हजार, पांच सौ और २०० के जाली नोट थे। पुलिस ने आरोपी के घर से एक कंप्यूटर, स्कैनर और प्रिंटर भी जब्त किया जिससे नकली नोट बनाने और छापने का काम होता था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि स्क्रिप्टराइटिंग से उसकी अधिक कमाई नहीं हो पाती थी।

वरिष्ठ इंस्पेक्टर महेश देसाई ने बताया, 'उसने कहा शहरों में नकली नोट जारी करना आसान नहीं है इसलिए उसने मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में इसे सर्कुलेट किया।' आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी दो पत्नियां है और उनका ध्यान रखना और खर्चे उठाना मुश्किल है। उसकी एक पत्नी मॉडल और दूसरी हाउसवाइफ है।

ड्रेनेज चेंबर में उतरे २ किसानों की दम घुटने से मौत, ४ बेहोश जबकि १ का अब तक सुराग नहीं

महाराष्ट्र: महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक ड्रेनेज चेंबर में उतरे दो किसानों की दम घुटने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने चार किसानों को बचा लिया जबकि एक किसान का अब तक पता नहीं चल पाया है। साझे में खेती करने वाले इन किसानों ने फसलों की सिंचाई के लिए ड्रेनेज चेंबर में इलेक्ट्रिक मोटर लगाया था। जानकारी के मुताबिक, किसान जनार्दन साबले (५५) इलेक्ट्रिक मोटर में आई खराबी को चेक करने के लिए सबसे पहले ड्रेनेज चेंबर में उतरे। जब काफी देर तक जर्नादन चेंबर से बाहर नहीं निकले तो बाहर खड़े उनके रिश्तेदारों ने उन्हें आवाज दिया। कोई जवाब न पाकर छह अन्य किसान रामकिशन माने (४७), उमेश कावड़े (४०), दिनेश दाराके (३७), नवनाथ कावड़े (४०), प्रकाश वाघमारे (५५) और रमेश्वर दांबे (२७) जनार्दन को ढूंढने के लिए चेंबर में उतरे। थोड़ी ही देर के बाद चेंबर में मौजूद जहरीली गैस की वजह से सभी

किसानों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी। बेहोश किसानों का चल रहा इलाज

किसानों की हालत देखकर चेंबर के बाहर खड़े गांववालों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेडकर्मियों ने बेहोशी की हालत में सभी किसानों को चेंबर से बाहर निकाला। हालांकि एक किसान रमेश्वर दांबे का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। उनकी तलाश जारी है।

जनार्दन साबले और दिनेश दाराके की हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए उन्हें गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया गया। अन्य किसानों का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

तोड़ी जा रही ड्रेनेज की पाइप

फायर ब्रिगेड के अफसर मोहन मुंगसे ने बताया कि वे लोग ड्रेनेज की पाइप तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, शायद वहां लापता किसान फंसा हुआ हो। पीड़ित एक किसान के पुत्र ने बताया कि साझे में खेती करने वाले ये किसान अक्सर इलेक्ट्रिक मोटर चेक करने के लिए ड्रेनेज चेंबर में उतरते रहे हैं। इससे पहले यहां कभी इस तरह का हादसा नहीं हुआ।

मोदी की 'अश्लील' तस्वीर पोस्ट करने पर मामला दर्ज

वसई: तुलिंज पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एडिट की हुई अश्लील तस्वीर फेसबुक पर पोस्ट करने पर मामला दर्ज किया है। इस मामलें में शिकायतकर्ता राजेश पाल ने बताया कि १७ मार्च की सुबह जब वो फेसबुक देख रहे थे तब उन्होंने साबिर नामक आईडी पर एडिट की हुई प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर देखी। राजेश ने बताया कि साबिर ने मो. आसिफ, अवेकन इंडिया और आमीन लाघिरी नामक आईडी पर प्रधानमंत्री की एडिटेड अश्लील तस्वीरों को शेयर किया था। पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा ६७ के तहत मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी डेनियल बेन ने बताया कि फिलहाल इस मामलें में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

शिवसेना और भाजपा ने भले ही गठबंधन कर लिया है, लेकिन ठाणे के भाजपा नगरसेवक, शिवसेना के विरोध में

ठाणे : शिवसेना और भाजपा ने भले ही गठबंधन कर लिया है, लेकिन ठाणे में दोनों के बीच खींचतान जारी है। भाजपा के नगरसेवक मिलिंद पाटणकर की फेस बुक पोस्ट इसका ताजा सबूत है।

बता दें कि गठबंधन के सीट बंटवारे में ठाणे की लोकसभा सीट शिवसेना के पास है। यहां के वर्तमान सांसद राजन विचारे एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राकांपा के शहर अध्यक्ष और पूर्व सांसद आनंद परांजपे से है। परांजपे ने इंजिनियरिंग और एमबीए किया है। दूसरी तरफ राजन विचारे बारहवीं तक पढ़े हैं। राकांपा के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने मतदाताओं से प्रश्न करते हुए एक बैनर शहर में लगवाया है। बैनर के जरिये आव्हाड ने लोगों से पूछा है कि ठाणे का सांसद कैसा हो, उच्च शिक्षित या अल्प शिक्षित तथा संसद में बोलने वाला चाहिए या मौन रहने वाला। आव्हाड द्वारा लगाए गए बैनर पर टैग करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नगरसेवक मिलिंद पाटणकर ने फेस बुक पर लोगों से उनका वोट शिक्षित उम्मीदवार को देने का आह्वान किया है। पाटणकर ने लिखा है कि किसी भी जनप्रतिनिधि को शिक्षित होना चाहिए। पाटणकर ने लोगों से अपील की है कि वे लोकसभा चुनाव में राम भाऊ म्हालगी, राम कापसे और प्रकाश परांजपे के समकक्ष व्यक्ति को ही अपना वोट दें। पाटणकर ने विचारे पर अप्रत्यक्ष प्रहार करते हुए यह भी कहा है कि मनपा और एमएमआरडीए के कामों का खुद श्रेय लेने वाला सांसद और विधायक भी ठाणे को नहीं चाहिए।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के २७ नगरसेवक हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर ठाणे सीट भाजपा के कब्जे में लेने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद विचारे ने भाजपा विरोधियों को मात देने के लिए जोर लगाया, जिसके चलते भाजपा के दो नगरसेवकों की सदस्यता रद्द होने का खतरा बन गया था, जिसमें से अशोक राउल की सदस्यता रद्द हो गई है। इससे भाजपा खेमे में विचारे के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। भाजपा नगरसेवकों ने तय किया है कि वह चुनाव में विचारे का सहयोग नहीं करेंगे।

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)

अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह